सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 10 अंक : 128 | इंदौर, शनिवार 23 नवंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. महाराष्ट्र में भाजपा+ को बंपर बढ़त; भाजपा-शिवसेना में मुख्यमंत्री पद के लिए बयानबाजी शुरू
2. UP Election Result: यूपी उपचुनाव में फिर पलटा पासा... सपा ने तीन सीटों पर बनाई बढ़त; भाजपा छह सीटों पर आगे
3. Bihar By Election Result: चार में से तीन सीटों पर एनडीए आगे, एक सीट पर बसपा आगे; महागठबंधन का हाल देखें
4. Jharkhand Election Result: झारखंड के रुझानों में JMM+ को बहुमत, शुरुआत में पिछड़ कर 'INDIA' ने की वापसी
5. By Elections Result: वायनाड-नांदेड़ में कांग्रेस को बढ़त; UP में फिर उलटफेर, भाजपा छह पर तो तीन पर सपा आगे

# महाराष्ट्र चुनाव नतीजे- रुझानों में भाजपा का स्ट्राइक रेट 86%

## पार्टी 149 सीट पर लड़ी, 128 पर आगे; संजय राउत बोले- कुछ तो गड़बड़ है



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुंबई। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर सुबह 8 बजे से मतगणना जारी है। शुरुआती दो घंटों में महायुति (MU) और महाविकास अघाड़ी (MVA) के बीच टक्कर दिखी, लेकिन ढाई घंटे बाद यानी सुबह 10.30 बजे के बाद भाजपा गठबंधन रुझानों में एक तरफा जीत की ओर आ गया। उसे 200 से ज्यादा सीटें मिलती दिख रही हैं।**

उधर, कांग्रेस गठबंधन पिछड़ गया है। वह 55 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। भाजपा 149 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। इनमें 128 सीटों पर आगे है, यानी भाजपा 86% सीटों पर बढ़त बनाए हुए है।

CM एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम अजित पवार आगे चल रहे हैं। नागपुर साउथ-वेस्ट सीट से देवेंद्र फडणवीस 7000 से ज्यादा वोट से बढ़त बनाए हुए हैं। उद्धव ठाकरे की शिव सेना के नेता संजय राउत ने कहा कि कुछ तो गड़बड़ है। यह जनता का फैसला नहीं है। इस बार मुकाबला महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच था।

महायुति में बीजेपी, शिवसेना (एकनाथ शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल है, जबकि महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और एनसीपी (शरद पवार) है।

महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग हुई थी। 2019 के मुकाबले इस बार 4% ज्यादा वोटिंग हुई। 2019 में 61.4% वोट पड़े थे। इस बार 65.11% वोटिंग हुई।

### राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे पिछड़े, नवाब मलिक भी पीछे

मानखुर्द शिवाजी नगर सीट से सपा नेता अबू आजमी आगे चल रहे हैं। इस सीट से एनसीपी के नवाब मलिक पिछड़ गए हैं।

माहिम से शिव सेना (यूबीटी) के महेश सावंत आगे चल रहे हैं। यहां से राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे पीछे चल रहे हैं।

# सड़क हादसे में दो भाइयों की मौत

## पितृ पर्वत पर हुआ एक्सीडेंट, CCTV खंगाल रही पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में पितृ पर्वत के पास शुक्रवार देर रात हादसे में दो भाइयों की मौत हो गई। वे दोनों शादी समारोह से इंदौर लौट रहे थे। पितृ पर्वत के नजदीक भैरव मंदिर के पास उन्हें ट्रक ने टक्कर मार दी थी।**

पुलिस के अनुसार मृतकों के नाम राहुल पिता मुकेश डाबी (35) निवासी ग्राम सोनगिर हातोद और उसका भाई विनोद डाबी हैं। पुलिस ने बताया कि घटना स्थल के आसपास अंधेरा है। वे वाहन की टक्कर से दूर जा गिरे। डायल 100 पर राहगीर की सूचना मिलने पर गांधी नगर पुलिस मौके पर पहुंची।

जिसके बाद दोनों को अरविंदो अस्पताल भेजा गया, यहां डॉक्टरों ने अधिक खून बह जाने के कारण मौत की पुष्टि की। पुलिस के मुताबिक मर्ग कायम कर घटना के समय और आसपास के सीसीटीवी कैमरों से अज्ञात वाहन का पता लगाया जा रहा है।

### बाइक सवार की मौत में डंपर चालक पर केस

बाण गंगा पुलिस ने पिछले दिनों हुई बाइक सवार युवक की मौत के मामले में शुक्रवार रात डंपर चालक पर केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 20 नवंबर की दोपहर को मृतक मनीष पिता राय सिंह मोर्य (29) निवासी बिचौली हप्सी अपनी बाइक एमपी 09 एक्सई 4741 पर देपालपुर से बिचौली हप्सी जा रहा था।

वह जैसे ही लवकुश चौराहे पर पहुंचा तो पीछ से आ रहे डंपर एमपी09एचएच6382 के चालक ने गाड़ी को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में बाइक सहित गिरकर मनीष की मौत हो गई थी।

# अंतर्राष्ट्रीय स्तर की 41वीं ईएजी पूर्ण बैठक की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण

## संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने लिया तैयारियों का जायजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में 25 नवम्बर से 29 नवम्बर तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर की 41वीं ईएजी पूर्ण बैठक का आयोजन होगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण हो गई है। अतिथियों के आगमन का सिलसिला भी प्रारंभ हो गया है। इस आयोजन में 09 सदस्य देशों एवं 15 ऑब्जर्वर देशों के 200 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। यह बैठक मुख्य रूप से मनी लांड्रिंग एवं आतंकवाद के वित्त पोषण के खिलाफ रणनीति बनाने के उद्देश्य से हो रही है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में 28 नवम्बर को प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, अनेक केन्द्रीय मंत्रियों सहित प्रदेश के मंत्री और अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इंदौर में इस आयोजन की गरिमा के अनुरूप सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है।

इंदौर संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री मनोज श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस



अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री दिव्यांक सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल, श्रीमती ज्योति शर्मा, नगर निगम अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा तथा श्री रोहित सिसोनिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन के दौरान सभी ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहे जिससे की मेहमानों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। वे एक अच्छी स्मृति लेकर जाए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल की बैठक व्यवस्था, मेहमानों के प्रवेश और निर्गमन व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश व्यवस्था, आवास व्यवस्था, आकस्मिक चिकित्सकीय व्यवस्था, अग्नि शमन व्यवस्था, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।

बताया गया कि अतिथियों के आगमन का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। अतिथियों का स्वागत भारतीय परंपरा के अनुरूप किया जा रहा है। अतिथियों का सत्कार तिलक लगाकर, पुष्पाहार पहनाकर किया जा रहा है। उनका स्वागत शहनाई की मंगल ध्वनि के साथ भी किया जा रहा है। अतिथियों के लिए हेल्प डेस्क भी बनाई गई है। अतिथियों के आगमन के समय प्रदेश की सांस्कृतिक झलक भी प्रस्तुत की जा रही है। सभी अतिथियों के लिए शहर के विभिन्न प्रतिष्ठित होटल्स में आवास व्यवस्था की गई है। यहाँ पर उनके लिए मनी एक्सचेंज काउंटर भी बनाये गए हैं। सुरक्षा और आकस्मिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की गई है। उनके सहयोग के लिए लाईजनिंग अधिकारी भी साथ रखे गए है। अतिथियों का अपने भ्रमण के दौरान इंदौर शहर के राजवाड़ा, लालबाग सहित ऐतिहासिक महत्व के अन्य प्रमुख पर्यटक स्थलों के साथ ही स्वाद के लिए मशहूर चौपाटी छप्पन दुकान और सराफा जाना भी प्रस्तावित है। अतिथियों के सम्मान में डेली कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां भी रखी गई है। आयोजन स्थल ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में मध्यप्रदेश की विरासत, कला, औद्योगिक विकास को दर्शाती प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। अतिथियों के इंदौर आगमन और आयोजन की स्मृति को चिरस्थाई बनाने के लिए कार्यक्रम स्थल के समीप ही एक उद्यान विकसित किया जा रहा है। इस उद्यान में अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया जाएगा।

## नीमा क्लासिक लेडीज़ ग्रुप अनूठा आयोजन ..दीपावली मिलन समारोह में समाज की धर्मशाला में "जमीं पर उतरे सितारे" शानदार पेशकश से सभी का मन मोहा..





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** महिलायें यदि कुछ थान ले तो कुछ भी असंभव नही रहता ऐसा ही अनूठा व अनोखा आयोजन नीमा समाज की महिलाओं ने कर दिखाया। एक जाजम पर एकता के रूप में जब दूसरे समाज की महिलाओं को देखा तो सोचा कि क्यों न ऐसा प्रयास नीमा समाज में किया जाए। बस इसी सोच को ध्यान में रखते हुए समाज की 6 महिलाओं मंजू नीमा, ममता नीमा, डॉली गुप्ता, रचना गुप्ता, डॉ. हिना नीमा व श्यामली नीमा ने नीमा क्लासिक लेडीज ग्रुप की स्थापना वाट्सएप ग्रुप द्वारा की। कई ऑनलाइन प्रतियोगिताओं के बाद 13 नवंबर की शाम समाज की ही धर्मशाला में समाज की महिलाओं के लिए दीपावली मिलन व रेट्रो थीम का आयोजन किया। 20 से 80 साल की महिलाओं ने रेट्रो थीम में विभिन्न किरदारों को पेश किया। इनमें नूतन, देव आनंद, राजकपूर, धर्मेंद्र, हेमामालिनी, अमिताभ बच्चन, मुमताज, माधुरी दीक्षित, सलमान खान, ऐश्वर्या रॉय, आशा पारेख, परवीन बाबी, जीनत अमान आदि जिसमें प्रगति पंकज नीमा राजकपूर मेरा नाम जोकर को प्रथम पुरस्कार, गंगूबाई काठियावाड़ी संगीता भरत नीमा को द्वितीय व तृतीय मनोजकुमार के लिए सुनीता दामुजीको पुरस्कार दिया गया। स्पेशल प्राइज 7 कलाकारों को रिप्रेजेंट करते हुए 7 रंग टीम को दिया गया। साथ ही ऑडियंस में से रेट्रो थीम में आने वाले में से सोनाली रजत नीमा को लीना चंदावरकर व इशी शाह को पुरस्कार दिया गया। जज सुनीता जाखेटिया थीं।

## मोयरा परिवार की एक अभिनव सामाजिक पहल..मोयरा वेल्फेयर फाउंडेशन द्वारा MY हॉस्पिटल इंदौर में महत्वपूर्ण सहयोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मोयरा वेल्फेयर फाउंडेशन द्वारा 22 नवंबर 2024 को MY हॉस्पिटल इंदौर में एक महत्वपूर्ण आयोजन किया गया, जिसमें अस्पताल प्रशासन को कई आवश्यक उपकरणों और संसाधनों का योगदान दिया गया। इस आयोजन में समाजसेवा के प्रतीक के रूप में मोयरा वेल्फेयर फाउंडेशन ने स्वास्थ्य क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। कार्यक्रम के तहत, मोयरा वेल्फेयर फाउंडेशन ने MY हॉस्पिटल में निम्नलिखित योगदान दिए: 5000 बेडशीट का वितरण, 300 स्टील की वेटिंग चेयर, जिसमें 900 व्यक्तियों की बैठक क्षमता है, 8 एयर कंडीशनिंग (AC) ICU वार्ड के लिए, एक EMG मशीन (न्यूरोलॉजी विभाग के लिए), एक लैपटॉप MY सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में। इस अवसर पर उपस्थित माननीय श्री शंकर जी लालवानी,



सांसद इंदौर ने कहा, 'मोयरा वेल्फेयर फाउंडेशन द्वारा लगातार मेडिकल, खेल और सामाजिक बदलाव में योगदान दिया जा रहा है। उनका यह प्रयास न केवल हमारे अस्पतालों के लिए, बल्कि समग्र समाज के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोयरा वेल्फेयर फाउंडेशन का यह काम समाज की सेवा में एक प्रेरणा है।' इस तारतम्य में मोयरा वेल्फेयर के डायरेक्टर श्री संदीप जी जैन ने कहा कि मोयरा ग्रुप के चेयरमैन सर श्री विमल तोड़ी जी एवं वॉयस चेयरमैन श्री पवन सिंघानिया सर का विजन है कि जो हमने समाज से लिया है उसे किसी भी रूप में समाज को लौटाया जाए, इसी उद्देश्य से मोयरा वेल्फेयर फाउंडेशन गठन किया गया।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्यवाही-

# एक ही पते पर संचालित 2 फार्मों से लिए कुल 13 नमूने, खाद्य सामग्री की गई जब्त

## अनियमितता पाए जाने पर तिरुपति बेकर्स में निर्माण कार्य कराया गया बंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में तथा अपर कलेक्टर श्री गौरव बैनल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा ग्राम बढ़िया कीमा नेमावर रोड इंदौर स्थित तिरुपति बेकर्स एन्ड कन्फक्शनर्स का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर फर्म के पार्टनर श्री नरेश गंगवानी उपस्थित पाए गए। उक्त फर्म के पते पर ग्राउंड फ्लोर पर स्थित फर्म तिरुपति बेकर्स एन्ड कन्फक्शनर्स से खाद्य पदार्थ जेली, वैफर्स एवं अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए, साथ ही 40 किलोग्राम जेली एवं 225000 नग वेफर्स जब्त किया गया जिनकी अनुमानित कीमत 40000 रूपये है। उक्त





फर्म के पते पर प्रथम तल पर फर्म तिरुपति बेकर्स स्थित पाई गई जहाँ से मैदा, खारी एवं अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए, इस प्रकार उक्त दोनों फर्मो से कुल 13 नमूने लिए गए। तिरुपति बेकर्स में कई अनियमितताएं पाई गई जैसे -खाद्य पदार्थ जेली जमीन पर रखी पाई गई, रॉ मैटेरियल जमीन पर रख पाए गए, कर्मचारियों द्वारा कैप, अप्रोन, ग्लब्स का उपयोग नहीं किया जाना पाया गया, पेस्ट कंट्रोल का रिकॉर्ड नहीं पाया गया, कर्मचारियों के मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं पाए गए, इसके अतिरिक्त तिरुपति बेकर्स में खाद्य पदार्थ के लेबल में भी त्रुटियां पाई गई। अतः प्रथम दृष्टया उक्त प्रतिष्ठान तिरुपति बेकर्स में खाद्य पदार्थ निर्माण की परिस्थितियाँ उपयुक्त ना होने के कारण उक्त फॉर्म में निर्माण कार्य सुधार होने तक तत्काल प्रभाव से बंद करवाया गया। लिए गए सभी नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल की ओर भेजा जायेगा, जिनकी विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्ति उपरांत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही आगे भी सतत रूप से जारी रहेगी।

## "बाल विवाह मुक्त भारत" कार्यक्रम का शुभारंभ 27 नवम्बर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 25 नवम्बर 2024 से 10 दिसम्बर 2024 के दौरान (महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस एवं मानवाधिकार दिवस) पूरे विश्व में लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। इसके तहत 'बाल विवाह मुक्त भारत' का शुभारंभ 27 नवम्बर को होगा। बाल विवाह मुक्त प्रदेश बनाये जाने के संबंध में प्रतिज्ञा ली जायेगी। बाल विवाह मानव अधिकारों के उल्लंघन के साथ ही निर्धारित विकसित भारत के उद्देश्य को प्राप्त करने में एक बड़ी बाधा है, इस हेतु केंद्रीय मंत्री महिला और बाल विकास विभाग द्वारा 27 नवंबर 2024 को विज्ञान भवन नई दिल्ली में 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' का शुभारंभ किया जा रहा है ताकि संपूर्ण समाज के दृष्टिकोण से बाल विवाह को समाप्त करने के मुद्दे पर जागरूकता बढ़ाई जा सके। इस कार्यक्रम में भारत सरकार के द्वारा एक पोर्टल लांच किया जायेगा एवं बाल विवाह मुक्त भारत बनाने हेतु प्रतिज्ञा भी ली जायेगी। इस मौके पर जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित करने निर्देश दिए गए है। अपेक्षाएं की गई हैं कि स्थानीय समुदाय, जनप्रतिनिधियों, सेवाप्रदाताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, ग्राम पंचायत, शालाओं, महाविद्यालयों, आंगनवाडी कार्यकर्ता, अस्पताल, विधि एडवोकेट/ प्रेक्टिशनर, पुलिसकर्मी, स्वसहायता समूहों, धर्मगुरू आदि समूदायों के बीच बाल विवाह मुक्त प्रदेश बनाये जाने हेतु प्रतिज्ञा ली जाए।

## ट्रक ने ली डेढ़ साल के बच्चे की जान

**इंदौर।** डेढ साल के मासूम पर लापरवाह ट्रक चालक ने ट्रक चढा दिया। बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। बेटमा पुलिस के अनुसार बच्चे का नाम काबिल पिता जसराम निवासी श्योपुर हाल मुकाम कालासुरा थाना बेटमा है। बच्चे का पिता जसराम खालसा रबर कंपनी के पास ही झोपडी बनाकर रहता है। रात को बच्चा अपने माता-पिता के साथ सो रहा था। ट्रक नंबर एमपी 15 जी 2377 वहां से गुजरा, ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए सड़क किनारे सो रहे काबिल के ऊपर ही टायर चढा दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मौके पर हंगामा भी हुआ। पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## युवक पर हमला, युवती से भी मारपीट

**इंदौर।** गाड़ी खड़ी करने के विवाद में एक युवक पर हमला हुआ है। युवती उसे बचाने आई तो उसे भी जमकर मारा पीटा गया है। लसूडिया पुलिस के अनुसार रूद्र सेन पिता राजेश सेन निवासी बड़गर की शिकायत पर आरोपी संतोष राठौर ,अर्पित और जीवन राठौर तीनों निवासी निपानिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह अपनी गाड़ी खड़ी कर रहा था। इसी बात को लेकर आरोपी नाराज हुए और मारपीट करने लग गए। रूद्र को बचाने उसके परिवार की पूजा सिंह आई तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर डाली। आरोपियों ने धमकी दी कि अगर वह कभी क्षेत्र में नजर आए तो उनकी जान ले लेंगे।

## चलती ट्रेन से उतरने का प्रयास, बुजुर्ग की मौत

**इंदौर।** चंद्रावती गंज स्टेशन पर ट्रेन दुर्घटना में एक बुजुर्ग की जान चली गई। अपने रिश्तेदार से मिलने के लिए वह जा रहे थे, लेकिन गलत ट्रेन में बैठ गए थे। ट्रेन चली तो उन्हें पता लगा कि वह दूसरी ट्रेन में बैठे हैं तो चलती ट्रेन से उतरने लगे। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आ गए। मृतक का नाम शंकरलाल पिता राधुजी उम्र 80 साल निवासी आइडिया मल्टी है। उनके पोते पवन ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार से मिलने जा रहे थे। कुछ दवाई भी लाना था। चंद्रावतीगंज स्टेशन पर ट्रेन चली तभी उन्हें पता लगा कि वह गलत ट्रेन में बैठे हैं तो वह चलती ट्रेन से ही नीचे उतर गए। इसी दौरान ये हादसा हो गया। उनका फोटो कुछ लोगों ने वायरल किया जो पोते तक पहुंचा जिसके बाद उनकी पहचान हो पाई। रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रेल पटरी पर मिला बीकॉम के छात्र का शव

**इंदौर।** लक्ष्मीबाई नगर के पास पटरी पर बीकॉम सेकेंड ईयर के छात्र का शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्टेशन मास्टर ने पुलिस को सूचना दी। उसकी पहचान आदित्य परिहार के रुप में हुई। वह बाणगंगा की नंदबाग कालोनी का रहने वाला था और सुबह अपने घर से निकला था। जीआरपी पुलिस के मुताबिक युवक के पास मिले मोबाइल से उसकी पहचान हुई। परिजनों के मुताबिक वह सुबह घर से कुछ देर में वापस आने का कहकर निकला था। उसके बाद दिन में उसे मोबाइल पर काल किया तो कोई जवाब नहीं मिला। उसके बाद उसकी मौत की खबर मिली। माना जा रहा है कि उसने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या की है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## आयशर वाहन ले भागे चोर

**इंदौर।** शातिर बदमाश एक आयशर ही चुरा ले गए। रात के समय वारदात हुई। सुबह-सुबह उठे तो चोरी का पता लगा। किशनगंज पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि देवेंद्र सिंह पिता देवी सिंह पवार निवासी सुमन कॉलोनी महू गांव की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है। देवेंद्रसिंह ने आयशर को अपने घर के बाहर पार्क किया था। देर रात कोई चुरा ले गया। सुबह जागे तो गाड़ी गायब थी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से आयशर और चोर की तलाश कर रही है।

## एसिड पीया, मौत

**इंदौर।** एक व्यक्ति ने एसिड पीकर अपनी जान दे दी। उसकी कपड़े प्रेस करने की दुकान थी। मृतक का नाम कमल पिता मदनलाल निवासी कुंदन नगर है। उनके भाई विजय के अनुसार कमल कुछ दिनों से मानसिक अवसाद में थे। उनके साथ अक्सर इस तरह की परेशानी हो जाती थी। गुरुवार को उन्होंने एसिड पी लिया। पत्नी बच्चों ने उनकी खराब हालत देखी तो अस्पताल लेकर पहुंचेए जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड दिया। मामले में राजेंद्र नगर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

# हत्या का पता चलते ही सक्रिय पुलिस ने चंद घंटों में किया पर्दाफाश

### पहले आग में झुलसने से मौत होना मान रही थी पुलिस, आरोपी गिरफ्त में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक व्यक्ति आग में झुलस गया, उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन बचाया नहीं जा सका। शार्ट पीएम में हत्या का खुलासा हुआ तो वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सक्रिय हुई तेजाजी नगर पुलिस ने चंद घंटों में इसका खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्त में ले लिया। इस कत्ल की गुत्थी सुलझाने के लिए एफएसएल,सायबर टीम और पुलिस टीम ने एक साथ इनवेस्टीगेशन किया।**

तेजाजी नगर पुलिस को सूचना मिली थी कि सुलभा काम्प्लेक्स के पास एक व्यक्ति जल गया है और उसकी मौत हो गई है। पुलिस पहले इसे हादसा मान रही थी। शार्ट पीएम रिपोर्ट में पता चला कि ये हादसा नहीं हत्या है। उसके बाद पुलिस ने हाईटेक तरीके से इनवेस्टीगेशन शुरू कर दी। मृतक की शिनाख्त प्रहलाद पिता छत्तर सिंह कुशवाह उम्र 53 वर्ष निवासी लक्ष्मीनगर वार्ड नं 25 शाजापुर के रुप में हुई। पुलिस टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण एवं घटना स्थल के आस पास के लोगों से जानकारी ली तो पता चला कि प्रहलाद कुशवाह का राजकुमार गिरी गोस्वामी से मोबाइल को लेकर विवाद हुआ था।

तकनीकी प्रणाली, एफएसएल की टीम, सायबर टीम ने मिलकर साक्ष्यों का संकलन कर घटना स्थल से सभी महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए गए तथा प्रकरण के आरोपी राजकुमार गिरी गोस्वामी उम्र 21 वर्ष,झोपड पट्टी अनुराधा नगर को पकड़ लिया। उससे पूछताछ की तो उसने हत्या की वारदात कबूली। पुलिस उसके खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। हत्या की वारदात केवल मोबाइल लूट के लिए की गई थी और आरोपी ने उसे हादसे का रुप देने की कोशिश की थी लेकिन हाईटेक तरीके से इनवेस्टीगेशन हुई तो सच्चाई सामने आ गई।

**मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के ...**

# शादी समारोह में युवती ने किया हंगामा

### दुल्हन के साथ मारपीट, पुलिस ने शुरू की जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत चल रहे शादी समारोह के बीच एक युवती ने पहुंचकर हंगामा खड़ा कर दिया। उसने एक दुल्हन के साथ मारपीट शुरू कर दी। दुल्हन की शिकायत पर मल्हारगंज पुलिस ने जांच शुरू की है।

पुलिस के मुताबिक दलालबाग में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत विवाह समारोह के दौरान एक युवती पहुंची और उसने दुल्हन सपना चौहान के साथ मारपीट कर डाली। वह शादी का विरोध कर रही थी। दुल्हन सपना चौहान,महू सीधे मल्हारगंज थाने पहुंची और लिखित शिकायत दर्ज कराई। दुल्हन का कहना है कि मारपीट करने वाली युवती दूल्हे की प्रेमिका है, जो दूल्हे के ही दोस्त की पत्नी है। दुल्हन के पीछे-पीछे दूल्हा निलेश यादव,बालदा कॉलोनी भी थाने पहुंच गया। पुलिस दोनों से पूछताछ में जुटी है। पुलिस का कहना है कि शिकायत बाद मामले की जांच की जा रही है। मारपीट करने वाली युवती का अभी तक पता नहीं चला है।

# हंगामा करने वालों को दी अनूठी सजा

### पुलिस ने चार घंटे तक कराई परिसर की सफाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** परिवहन नगर में हंगामा करने वाले पांचों युवक शुक्रवार को एसीपी आफिस में पेश हुए। पुलिस ने उन्हें यहां अनूठी सजा देकर चार घंटे तक परिसर की साफ-सफाई करवाई। सोमवार रात चंदन नगर के रिजवान, रेहान, अमान, शिब्बू और अम्जा एक युवती का बर्थडे मनाने पहुंचे थे। वे यहां जोर-जोर से शोर मचा रहे थे। रहवासियों ने उन्हें रोका और शांति से बर्थडे मनाने के लिए कहा था। इस पर रिजवान और उसके साथियों ने गाली गलौज करते हुए हंगामा किया और कई गाड़ियों में तोडफोड़ भी कर डाली थी। द्वारकापुरी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट,तोड़फोड़ और पथराव का केस दर्ज कर रिजवान, रेहान, अमान, शिब्बू और अम्जा को गिरफ्तार कर लिया था,इस मामले में उनकी जमानत हो गई थी। प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें एसीपी अन्नपूर्णा आफिस में पेश किया गया था। यहां उन्हें चार घंटे साफ-सफाई की सजा दी गई। सभी आरोपियों ने निकट भविष्य में इस तरह की वारदातों से तौबा की है।

## युवतियों से हरकत नशेड़ियों को पीटा

**इंदौर।** राह चलती युवतियों से हरकत करने वाले दो नशेड़ियों को युवतियों ने चप्पल से पीट डाला,कपड़े फाड़ दिए। वे नशे में इतने धुत थे कि लोगों ने मारपीट की तो वे उसका विरोध भी नहीं कर पाए। घटना लसूड़िया थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 78 में स्थित एक कैफे के बाहर की है। दोनों ही मनचले ड्रग्स की लत का शिकार है। वे लडकियों पर फब्तियां कसते हुए जा रहे थे। दो-तीन बार उन्होंने हरकत की तो दो युवतियों ने उनकी पिटाई शुरू कर दी,वहां से गुजर रहे लोगों ने जब युवतियों ने उनकी हरकत के बारे में बताया तो उन्होंने भी नशेड़ियों के साथ मारपीट कर दी। युवतियां चप्पल से मारपीट कर रही थी तो वहां पहुंचे अन्य लोगों ने उनकी पिटाई करते हुए कपड़े भी फाड़ डाले। दोनों को पटक पटक कर पीटा गया। पुलिस का कहना है अभी तक किसी तरह की कोई शिकायत नहीं हुई है।

# निवेश पर प्राफिट के नाम पर ठगी, दो पर प्रकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्राइम ब्रांच पुलिस ने निवेश पर प्राफिट के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में प्रतापगढ़ राजस्थान के रहने वाले दो ठगोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।**

क्राइम ब्रांच थाना प्रभारी के अनुसार फरियादी वर्षा पति मनीष जैन निवासी जवाहर मार्ग की शिकायतपर अनावेदक रोहित पिता रजेश जैन और हर्ष पिता मनीष मारवाड़ी निवासी प्रतापगढ़ राजस्थान के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। फरियादिया ने बताया कि आरोपियों ने गीताभवन रोड स्थित एक बिल्डिंग में अपना कार्यालय खोला था। इस दौरान उनसे मुलाकात हुई तो उन्होंने शेयर मार्केट,प्रापर्टी, माईन्स व टूर-ट्रैवल्स का बिजनेस बताते हुए निवेश पर अच्छा प्राफिट देने का वादा किया। इसका एग्रीमेंट भी बनवाया।

फरियादिया ने आरोपियों के बताए विभिन्न खातों में 12 लाख के करीब राशि निवेश कर दी। आरोपियों ने प्राफिट देने के समय खाता बंद होना बताते हुए आनाकानी करने लगे। इसी दौरान फरियादी कोपता लगा कि आरोपियों ने अन्य लोगों से भी इस तरह करीब एक करोड़ 80 हजार की ठगी की है,जिसके बाद उसने प्रकरण दर्ज कराया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# जीजा को बुरी तरह पीटा, तीन पर केस दर्ज

### पत्नी बच्चों को लेने के लिए गया था युवक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** युवक पत्नी बच्चों को लेने ससुराल पहुंचा तो उसके सालों ने विरोध किया और जीजा को जमकर पीट डाला। पत्नी विवाद के बाद मायके में रह रही थी। पुलिस ने सालों के खिलाफ केस दर्ज किया है। राजेंद्र नगर थाने में रानू पिता अशोक सिसोदिया निवासी चोइथराम चौराहा झोपडपट्टी की शिकायत पर उसके साले अमर सिंह, प्रेम सिंह और बबलू सभी निवासी नाथ महादेव नगर के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि वह अपनी पत्नी और बच्चों को लेने के लिए नाथ मोहल्ला महादेव नगर गया था। वह उन्हें साथ ले जाने लगा तभी तीनों साले विरोध करने लग गए। उसे गालियां दी और हाथ मुक्को और डंडों से मारपीट शुरू कर दी। तीनों ने अपने जीजा को बुरी तरह से मारा पीटा है। उनका कहना था कि उनकी बहन कहीं नहीं जाएगी।

## इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद छात्रा से रेप

**इंदौर।** एमबीए की छात्रा से इंस्टाग्राम पर दोस्ती करने के बाद उसे होटल में बुलाकर रेप करने, अर्बाशन करवाकर धमकी देने के मामले में तुकोगंज पुलिस ने आरोपी योगेश पिता सतीश राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के मुताबिक इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद योगेश ने शादी का झांसा दिया था। होटल में रेप करने के बाद वह झांसा देकर कई बार संबंध बनाता रहा। इससे पीड़िता गर्भवती हो गई तो उसने योगेश से शादी के लिए कहा तब योगेश ने कहा कि अबार्शन करवा लो उसके बाद शादी कर लेंगे।

# 21 जिले, 41 सड़कें और नई तकनीक, मप्र में 4 महीने में पूरा होगा पायलट प्रोजेक्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश में सड़कों की गुणवत्ता को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग ने एक पायलट प्रोजेक्ट तैयार किया है। इसके तहत राज्य के 21 जिलों में 41 मार्गों का निर्माण नई तकनीक से होगा। इन मार्गों की कुल लंबाई 109.31 किलोमीटर है और इन्हें चार महीने में पूरा किया जाएगा।**

मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग ने अब सड़क निर्माण की नई तकनीक व्हाइट टॉपिंग को अपनाने का निर्णय लिया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस दिशा में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 21 जिलों में चयनित 41 सड़कों पर इस



तकनीक को लागू किया जाएगा। इन मार्गों की कुल लंबाई 109.31 किलोमीटर है। योजना को नवंबर के अंत तक शुरू करने की तैयारी है और इसे अगले 4 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### कुछ नहीं कह सकता

इस परियोजना के तहत सबसे अधिक 14 सड़कों पर कार्य भोपाल में किया जाएगा। अन्य जिलों में इंदौर और ग्वालियर में तीन-तीन सड़कें, बुरहानपुर, मंदसौर और सागर में दो-दो सड़कें, आगर मालवा, उमरिया, खंडवा, गुना, छतरपुर, देवास, नर्मदापुरम, नीमच, बैतूल, मुरैना, रतलाम, रायसेन, रीवा, सतना और हरदा में एक-एक सड़क पर वाइट टॉपिंग तकनीक लागू की जाएगी।

### क्या है वाइट टॉपिंग तकनीक

वाइट टॉपिंग सड़क निर्माण की एक आधुनिक तकनीक है। इसमें पुरानी सड़कों पर कंक्रीट की मोटी परत चढ़ाई जाती है। यह प्रक्रिया सड़कों को न केवल मजबूत और टिकाऊ बनाती है, बल्कि उनकी आयु भी 20 से 25 साल तक बढ़ा देती है। इस तकनीक में सबसे पहले पुरानी सड़क की सतह को साफ किया जाता है। उसके बाद 6 से 8 इंच मोटी कंक्रीट की परत डाली जाती है, जो भारी यातायात और खराब मौसम का सामना करने में सक्षम होती है।

# स्कूल में Reel के लिए दो छात्राओं ने किया निकाह, Viral होने पर मचा बवाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल।** जिले के धनपुरी स्थित पीएमश्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूल ड्रेस में कुछ छात्राओं ने आपस में ब्याह रचा लिया। इस दौरान उनकी सहेलियां भी मौजूद रहीं। कक्षा के बंद कमरे में रचाए गये इस ब्याह का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें छात्राएं निकाहनामा में हस्ताक्षर करते हुए नजर आ रही हैं। छात्राओं का स्कूल के समय में कक्षा के अंदर स्कूल ड्रेस में की गई इस हरकत की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी के पास लिखित रूप में की गई है, जिसकी जांच हो रही है। कोयलांचल के छात्र नेता व भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के पूर्व नगर अध्यक्ष धनपुरी वसीम खान सोमू ने इसकी लिखित



शिकायत जिला शिक्षा धिकारी से की है। कहा कि विधिवत जांच कराकर दोषी जनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि शिक्षा के मंदिर की मर्यादा बनी रहे। शिकायतकर्ता ने बताया कि शैक्षणिक सत्र वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनपुरी का कक्षा 10वीं, 11वीं तथा 12वीं के परीक्षा परिणाम से अनुमान लगाया जा सकता है कि विद्यालय में शिक्षा का स्तर दिनोंदिन नीचे गिरता जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन को इससे कोई सरोकार नहीं है। इसके परिणाम स्वरूप छात्राएं विद्यालय के अन्दर स्कूल ड्रेस में ऐसे फिल्मी गानों पर रील्स बनाकर उसे इंटरनेट मीडिया में अपलोड कर रही हैं, जो सभी समाज के लिए चिंता का विषय है।

## ट्रॉली के नीचे दबने से आठ महीने की बच्ची की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** रतलाम के स्टेशन थाना क्षेत्र में शुक्रवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे डाले पर बंधे झूले में सोई आठ महीने की मासूम बच्ची की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक ने अचानक ट्रैक्टर आगे बढ़ा दिया, जिससे ट्रॉली ऊपर उठकर पलट गई। ट्रॉली में मिट्टी भी भरी हुई थी, जिसमें दबने से यह दर्दनाक हादसा हुआ है। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। स्टेशन रोड थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार, शहर में नगर निगम द्वारा अमृत जल योजना के तहत पाइप लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे समता सिटी में पाइप लाइन डालने के बाद गड्ढे भरने का कार्य किया जा रहा था। इसमें झाबुआ जिले के ग्राम बेड़दा निवासी मजदूर करण सिंह सिंघाड़ भी मजदूरी कर रहा था। इस दौरान मजदूर की पत्नी ने अपनी आठ महीने की बच्ची को वहां खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे डाले पर कपड़े से झूला बांधकर बेटी सारा को सुला दिया और मजदूरी के काम में लग गई। इसी दौरान ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर आगे बढ़ाया, जिससे ट्रॉली ऊंची होकर पीछे की तरफ सड़क पर झुक गई और बच्ची उसमें दब गई। ट्रॉली में मिट्टी भी भरी थी, वह भी पीछे खिसक कर आ गई। घटना के बाद वहां काम कर रहे लोगों ने देखा तो तुरंत दबी बच्ची को निकाला और जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बाद में उसे पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया। सूचना पर स्टेशन रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाने ले आई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 'आंसू बहाने से हम भाजपा को नहीं हरा पाएंगे...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की गुरुवार को हुई बैठक में PCC चीफ जीतू पटवारी भावुक हो गए थे। इस पर शुक्रवार पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने कहा कि भावुक होना अच्छी बात है, लेकिन आंसू बहाने से हम भाजपा को नहीं हरा पाएंगे। जीतू को तो खूब दम खम से लड़ना चाहिए। बता दें कि लक्ष्मण सिंह शुक्रवार को गुना के दौरे पर थे। वे सबसे पहले झागर पहुंचे, उन्होंने दो दिन पहले मृत हुए किसान के परिवार से मुलाकात की। इसके बाद गुना में उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान कहा कि किसान के मामले में सुसाइड जैसी कोई बात नहीं है। वह बीमार था। उसका इलाज भी चल रहा था। उसके परिवार से मुलाकात की है। परिवार वालों ने भी बताया कि वह बीमार थे। लक्ष्मण सिंह ने कहा, जीतू भावुक हो गए थे, व्यवहार से भी वह बहुत भावुक हैं। लेकिन, भावुक होने से काम नहीं चलेगा। आज 20 साल से कार्यकर्ता रो रहा है, उसके भी आंसू हैं। उसको हम पोंछे। भावुकता एक अच्छी बात है, भावुक होना चाहिए, लेकिन आंसू बहाने से हम भाजपा को नहीं हरा पाएंगे। कार्यकर्ता के आंसू पोंछना हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है। जीतू को तो खूब दम खम से लड़ना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष हैं, सरकार के खिलाफ बोलने के लिए बहुत मामले हैं।

# 'देश में जलसा जायज और सनातन यात्रा नाजायज,' हिंदू एकता यात्रा में शामिल हुए विधायक टी राजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर। छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम से ओरछा तक सनातन हिंदू एकता पदयात्रा कर रहे बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हिंदू एकता की आवाज के समर्थन में शुक्रवार को हिंदुओं के साथ मुस्लिम समाज तक पूरा छतरपुर शहर ही सड़कों पर उमड़ पड़ा। उत्साही छतरपुर वासियों ने पन्ना रोड पर रुद्राक्ष होटल से पदयात्रा के छतरपुर प्रवेश करने से लेकर उसके विश्राम स्थल नौगांव रोड स्थित पेप्टेक टाउन तक कदम-कदम पर ऐतिहासिक स्वागत किया।**

सड़क पर कालीन बिछाकर फूल बरसाए गए और देश के कोने-कोने से आए हजारों पदयात्रियों के लिए पानी, फल, नाश्ता आदि स्वल्पाहार का व्यापक इंतजाम किया था। दूसरे दिन की पदयात्रा में हैदराबाद के विधायक टी राजा और प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी तथा साधु संतों ने भी सहभागिता की।

पदयात्रा शुक्रवार को अपने पहले पड़ाव ग्राम कदारी स्थित कॉलेज से केसरिया ध्वज लहराते और जय-जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए शुरू हुई। छतरपुर तक के लगभग 15 किमी के सफर में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की जोरदार अगवानी की तो वहीं पदयात्रियों का भी आत्मीय स्वागत किया।



हिंदू जोड़ो पदयात्रा फोरलाइन से उतरकर छतरपुर में प्रवेश हुई तो श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। फोरलेन से नया पन्ना नाका, पुराना पन्ना नाका, छत्रसाल चौक, बस स्टैंड सहित दूसरे विश्राम स्थल पेप्टेक टाउन तक जगह-जगह पदयात्रा के स्वागत की तैयारियां की गई थीं। महाराजश्री की पदयात्रा में शामिल होने के लिए समूचा शहर आतुर था लिहाजा जैसे ही पदयात्रा छतरपुर पहुंची तो सनातनी छतरपुरवासी सड़कों पर कतारबद्ध नजर आए। पूरे छतरपुर शहर में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और उनके साथ चलने वाले पदयात्रियों का फूल बरसाकर स्वागत किया गया।

## संपादकीय

# पारंपरिक चिकित्सा

भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति जैसे कि आयुर्वेद और योग दूसरी पद्धतियों के मुकाबले सस्ती एवं सुगम हैं। इसके लिए ज्यादा इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत नहीं पड़ती। मौजूदा स्वास्थ्य ढांचे के जरिये ही इन्हें भी लागू किया जा सकता है। इससे न सरकार पर ज्यादा बोझ आएगा और न जनता पर, बल्कि स्वास्थ्य बीमा का विस्तार होने से देश की कुल चिकित्सा लागत में कमी ही आएगी। हालांकि यह मामला ऐसा नहीं है, जिस पर सरकार को फैसला लेने में बहुत दिक्कत हो। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना या आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। लगभग 55 करोड़ लोग इसके दायरे में आते हैं। लेकिन एक बड़ी आबादी अब भी इसके लाभ से छूटी हुई है। पारंपरिक चिकित्सा और भी लोगों को जोड़ सकती है। इसको तेजी से विकसित कर व्यक्ति-व्यक्ति एवं घर-घर पहुंचाया जा सकता है। पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को पूरी दुनिया में ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए सरकार ने काम शुरु कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर यह भी देखा जा रहा है कि किस तरह से भारत का पारंपरिक ज्ञान दुनिया को सेहतमंद रखने में योगदान दे सकता है। इस दिशा में रिसर्च और इनोवेशन पर ध्यान दिया जा रहा है। याचिका में उठाई गई मांग को पूरा करके सरकार अपने काम को ही आगे बढ़ाएगी एवं दुनिया के लिये एक स्वास्थ्य उजाला करेगी। दुनिया में आयुर्वेद एवं योग दोनों की मांग बढ़ रही है। बाजार की दृष्टि से देखें, तो इसकी ग्रोथ रेट 15 प्रतिशत से अधिक है। साल 2014 में आयुष का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर 2.85 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो 2020 में बढ़कर 18 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। अमेरिका और यूरोप समेत 100 से अधिक देशों में भारत के हर्बल प्रॉडक्ट एवं आयुर्वेद इलाज पहुंच रहा है। आयुष्मान भारत के तहत इसे लाने से इसमें और तेजी आएगी। मांग बढ़ेगी तो जाहिर है कि उत्पादन भी बढ़ाना होगा। इससे इस क्षेत्र में रोजगार के मौके बनेंगे, आर्थिक प्रगति होगी। भारत के आयुर्वेद का दुनिया बाजार बनेगी। इससे निश्चित ही भारत के दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने को बल मिलेगा। आयुर्वेद को दुनिया भर में स्वीकृत सबसे पुरानी पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में से एक माना जाता है। आयुर्वेद में, पौधों, खनिजों, पशुओं से प्राप्त उत्पादों, आहार, व्यायाम, संयमित जीवनशैली और प्राकृतिक जीवन को शामिल किया जाता है। आयुर्वेद की शुरुआती अवधारणाएं अथर्ववेद में बताई गई हैं। इस पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली में प्राचीन ज्ञान का अभी भी पूरी तरह से पता नहीं लगाया गया है। विभिन्न पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के समृद्ध ज्ञान के संगम से हर्बल दवा खोज प्रक्रिया में नए रास्ते खुल सकते हैं। इन प्रणालियों के सैद्धांतिक सिद्धांतों के बीच अंतर और समानता की समझ की कमी, पौधों पर आधारित दवाओं की खोज में अन्य बाधाओं के अलावा उनके अभिसरण की दिशा में सबसे बड़ी बाधा है। इस समीक्षा का उद्देश्य आयुर्वेद के सदियों पुराने इतिहास और बुनियादी सिद्धांतों को सामने लाना है। इससे नवोदित विद्वानों, शोधकर्ताओं और चिकित्सकों को पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों की गहरी समझ हासिल करने, समानताओं को मजबूत करने और ऐसी औषधीय प्रणालियों की वैश्विक स्वीकृति और सामंजस्य की चुनौतियों को दूर करने में मदद मिलेगी।

# कौवा और दुष्ट सांप

एक बार की बात है। एक जंगल में किसी पेड़ पर कौवे का एक जोड़ा रहा करता था। वो दोनों खुशी-खुशी उस पेड़ पर जीवन बसर कर रहे थे। एक दिन उनकी इस खुशी को एक सांप की नजर लग गई। जिस पेड़ पर कौवों का घोंसला था, उसी पेड़ के नीचे बने बिल में सांप रहने लगा था। जब भी कौवों का जोड़ा दाना चुगने के लिए जाता, सांप उनके अंडों को खा जाता था और जब वो वापस आते, तो उन्हें घोंसला खाली मिलता था, लेकिन उन्हें पता नहीं चल पा रहा था कि अंडे कौन ले जाता है।



इस प्रकार से कई दिन निकल गए। एक दिन कौवे का जोड़ा दाना चुग कर जल्दी आ गया, तो उन्होंने देखा की उनके अंडों को बिल में रहले वाला एक सांप खा रहा है। इसके बाद उन्होंने पेड़ पर किसी ऊंचे स्थान पर छुपकर अपना घोंसला बना लिया। सांप ने देखा कि कौवों का जोड़ा पहले वाले स्थान को छोड़कर चला गया है, लेकिन शाम होते ही दोनों वापस पेड़ पर आ जाते हैं।

इस प्रकार कई दिन निकल गए। कौवा के अंडों में से बच्चे निकल आए और वो बड़े होने लगे। एक दिन सांप को उनके नए घोंसले का पता चल गया और वह कौवों के जाने का इंतजार करने लगा। जैसे कौवे घोंसला छोड़ कर गए, सांप उनके घोंसले की ओर बड़ने लगा, लेकिन किसी कारण से कौवों का जोड़ा वापस पेड़ की ओर लौटने लगा। उन्होंने दूर से ही सांप को उनके घोंसले की ओर जाता देख लिया और जल्दी से वहां पहुंच कर अपने बच्चों को पेड़ की ओट में छुपा दिया।

सांप ने देखा की घोंसला खाली है, तो वह कौवों की चाल समझ गया और वापस बिल में जाकर सही मौके का इंतजार करने लगा। इसी बीच कौवे ने सांप से पीछा छुड़ाने के लिए एक योजना बनाई। कौवा उड़कर जंगल के बाहर बने एक राज्य में चला गया। वहां एक सुंदर महल था। महल में राजकुमारी अपनी सहेलियों के साथ खेल रही थी। कौवा उसके गले में से मोतियों का हार लेकर उड़ गया। सभी ने शोर मचाया, तो पहरेदार हार लेने के लिए कौवे का पीछा करने लगे।

कौवे ने जंगल में पहुंचकर हारा को सांप के बिल में डाल दिया, जिसे पीछे कर रहे सैनिकों ने देख लिया। जैसे ही सैनिकों ने हार निकालने के लिए बिल में हाथ डाला, तो सांप फुंकारता हुआ बाहर निकल आया। सांप को देखकर सैनिकों ने तलवार से उस पर हमला कर दिया, जिससे सांप घायल हो गया और अपनी जान बचाकर वहां से भाग गया। सांप के जाने के बाद कौवा अपने परिवार के साथ खुशी-खुशी रहने लगा।

## कहानी से सीख

हमें इस कहानी से यह सीख मिलती है कि कभी भी निर्बल का फायदा नहीं उठाना चाहिए। साथ ही मुसीबत में समझदारी से काम लेना चाहिए।

## रंग भरो



New Delhi

# चिंताजनक है कृषि संकट, एमएसपी की कानूनी गारंटी जरूरी, सुप्रीम कोर्ट पैनल की बड़ी सिफारिशें

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत की कृषि अर्थव्यवस्था गंभीर संकट का सामना कर रही है, जिसमें बढ़ता कर्ज, घटती आय और जलवायु संकट की चुनौतियां शामिल हैं। पंजाब-हरियाणा सीमा पर फरवरी से आंदोलन कर रहे किसानों की मांगों को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित समिति ने इन समस्याओं पर गंभीर ध्यान देने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी मान्यता देने की सिफारिश की है। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) नवाब सिंह की अध्यक्षता वाली समिति ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट पेश की, जिसमें ग्रामीण और कृषि क्षेत्रों की चुनौतियों को 'उभरता हुआ सामाजिक-आर्थिक संकट' करार दिया गया। यह रिपोर्ट न्यायमूर्ति सूर्यकांत और



न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ को सौंपी गई।

पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने अदालत को बताया कि किसानों को शुरू में समिति की ओर से बड़े बदलावों को लागू करने की क्षमता पर संदेह था। उन्होंने कहा कि विरोध प्रदर्शन करने वाले किसानों के संगठनों में से एक, संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) 4 नवंबर को समिति की कार्यवाही में शामिल हुआ, जबकि राज्य सरकार ने किसानों को अदालत द्वारा नियुक्त पैनल की सहायता करने के लिए मनाने के सभी प्रयास किए।

हालांकि, केंद्र और हरियाणा सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आग्रह किया कि किसान और उनके संगठन अपनी चिंताओं को सीधे अदालत के सामने रखें, साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य सरकार (पंजाब या हरियाणा) के लिए किसानों की ओर से बोलना उचित नहीं है।

Maharashtra

## नतीजों को देख संजय राउत बोले- कुछ तो गड़बड़ है, यह जनता का फैसला नहीं हो सकता



**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र चुनाव के रुझानों में महायुति की जबरदस्त वापसी को लेकर उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है. ताजा रुझानों में 221 सीटों पर महायुति आगे चल रही है जबकि अघाडी केवल 55 सीटों पर आगे है. इन रुझानों पर शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि यह जनता का फैसला नहीं है बल्कि कुछ तो गड़बड़ है.

उन्होंने कहा कि महायुति ने पूरी मशीनरी को कब्जे में लिया. इस राज्य की जनता बेईमान नहीं है. शिंदे के सारे उम्मीदवार कैसे जीत सकते हैं?

संजय राउत ने कहा, 'दो दिन पहले गौतम अडानी के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में एक अरेस्ट वारंट निकला. रिश्वत का केस है 2 हजार करोड़ का, उसमें भाजपा की पोल खुल गई. उस पर से ध्यान हटाने के लिए ये पूरा एक कपट कारिस्तानी हुई है, उसकी तैयारी पहले से चल रही थी. महाराष्ट्र गौतम अडानी की जेब में जा रहा है, मुंबई अडानी की जेब में जा रहा है, हमने विरोध किया कि अडानी राष्ट्र नहीं होने देंगे. इस प्रकार के नतीजे के राज्य पर लादे गए हैं.'

संजय राउत ने कहा, 'इस प्रकार के नतीजे महाराष्ट्र के ऊपर लादे गए हैं. महाराष्ट्र की जनता का मन हमें मालूम है ये हो ही नहीं सकता है. लाडकी बहन योजना को लेकर किए गए सवाल पर राउत ने कहा, 'यहां लाडले भाई हैं, लाडले नाना जी हैं, लाडले दादा जी हैं. सब कुछ लाडले हैं यहां.

New Delhi

## दिल्ली पुलिस कॉन्स्टेबल की चाकू मारकर हत्या, गोविंदपुरी थाने में तैनात थे किरनपाल



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली के गोविंदपुरी थाने में तैनात दिल्ली पुलिस के कॉन्स्टेबल की कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। मृतक कॉन्स्टेबल का नाम किरण पाल बताया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह गोविंदपुरी की गली नंबर 13 में कॉन्स्टेबल किरनपाल की लाश पड़ी मिली थी। उनकी चाकू से गोदकर हत्या की गई थी। हत्या के वक्त किरनपाल अपनी वर्दी में थे और उनकी सरकारी बाइक पास में ही पड़ी मिली थी।

Chhattisgarh

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मुठभेड़ में ढेर किए 10 नक्सली

**रायपुर, (एजेंसी)** सुकमा में सुरक्षाबलों ने 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया है. सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के पास से एक एके-47, एक इंसास-1 और एक एसएलआर बरामद किया है. बताया जा रहा है कि हाल में मुख्यमंत्री विष्णु देव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी, जिसके बाद से पूरे छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ अपने ऑपरेशन तेज कर दिए हैं.

इस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए सुरक्षाबलों ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे सुकमा के भंडारपदर गांव के जंगली इलाके में दक्षिण बस्तर डीवीसी के माओवादियों के साथ मुठभेड़ हो गई. मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन के बाद तलाशी में सीपीआई कैडर के 10 नक्सलियों के शव बरामद किया गया है.सुरक्षाबलों को मारे गए नक्सलियों के पास से एक एके-47, एक इंसास, एक एसएलआर



भी बरामद की है. बताया जा रहा है कि हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने मुलाकात की थी. जिसमें केंद्रीय मंत्री ने साल 2026 तक पूरी तरह से नक्सलवाद को खत्म करने की बातें कहीं हैं. इसके बाद से पूरे छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन तेज हो गए हैं. इस साल अब तक 257 से ज्यादा नक्सली ढेर किया जा चुके हैं.

खेल

# बुमराह ने 11वीं बार पारी में पांच विकेट लिए, ऑस्ट्रेलिया में दूसरी बार, बतौर कप्तान बनाया रिकॉर्ड

**पर्थ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जा रहा है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने वाली भारतीय टीम के 150 रन पर सिमटन के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी पहली पारी में आठ विकेट गंवा चुकी है। पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने 67 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे। दिन के खेल के अंत तक भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट लिए थे। अब शनिवार को ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका एलेक्स कैरी के रूप में लगा, जिन्हें बुमराह ने विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। यह टेस्ट में बुमराह का 11वां फाइव विकेट हॉल रहा। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई धरती पर उन्होंने दूसरी बार ऐसा किया है।




**ऑस्ट्रेलियाई धरती पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| कपिल देव | 11 | 51 |
| अनिल कुंबले | 10 | 49 |
| आर अश्विन | 10 | 39 |
| जसप्रीत बुमराह | 8 | 37 |
| बीएस बेदी | 7 | 35 |

**बुमराह ने इन्हें पवेलियन भेजा-** बुमराह ने अब तक नाथन मैकस्वीनी, उस्मान ख्वाजा, स्टीव स्मिथ, पैट कमिंस और एलेक्स कैरी को आउट किया है। ऑस्ट्रेलियाई धरती पर वह अब तक 37 विकेट ले चुके हैं। इनमें दो फाइव विकेट हॉल शामिल हैं। इस मैच से पहले बुमराह ने 2018-19 में मेलबर्न में 33 रन देकर छह विकेट झटके थे। ऑस्ट्रेलिया में किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड कपिल देव के नाम है। उन्होंने 106 रन देकर आठ विकेट झटके थे। वहीं, कुंबले ने 141 रन देकर आठ विकेट झटके थे और वह लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। ऑस्ट्रेलियाई धरती पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय कपिल देव हैं। उन्होंने 51 विकेट झटके थे, जबकि कुंबले 49 विकेट के साथ दूसरे नंबर पर हैं। अश्विन ने 39 विकेट झटके हैं और वह तीसरे स्थान पर हैं। बुमराह के पास इस दौरे पर इन सभी को पीछे छोड़ने का मौका है।

**ऑस्ट्रेलिया में भारतीय द्वारा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी**

| खिलाड़ी | सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी |
|---|---|
| कपिल देव | 8/106 |
| अनिल कुंबले | 8/141 |
| जसप्रीत बुमराह | 6/33 |
| अजीत अगरकर | 6/41 |
| बीएस चंद्रशेखर | 6/52 |
| एस आबिद अली | 6/55 |
| मोहम्मद शमी | 6/56 |
| ईएस प्रसन्ना | 6/104 |
| जसप्रीत बुमराह | 5/30 |

**बुमराह टीम इंडिया के कप्तान हैं-** बुमराह पर्थ टेस्ट में टीम इंडिया के कप्तान भी हैं। उनका यह स्पैल विदेश में किसी टेस्ट में किसी भारतीय कप्तान द्वारा दूसरी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है। कपिल देव इस लिस्ट में शीर्ष पर हैं। उन्होंने विदेश में टेस्ट में 106 रन देकर आठ विकेट झटके थे। इस मामले में बुमराह ने बीएस बेदी और वीनू मांकड़ को पीछे छोड़ दिया। बेदी ने विदेश में टेस्ट में 55 रन देकर पांच विकेट और मांकड़ ने विदेशी जमीन पर 64 रन देकर पांच विकेट झटके थे।

सिनेमा

## 'बॉलीवुड के एक्टर्स ने किए 'दारू वाले सीन', क्यों नहीं लगा बैन?' दिलजीत का ओपन चैलेंज...



पिछले कुछ दिनों से सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ सुर्खियों में हैं. दरअसल, दिलजीत इंडिया आए हुए हैं. इनका 'दिल लुमिनाटी' टूर चल रहा है. कई स्टेट्स में जाकर दिलजीत लाइव परफॉर्म कर रहे हैं और फैन्स का दिल जीत रहे हैं. कुछ दिनों पहले दिलजीत ने हैदराबाद में परफॉर्म किया. तेलंगाना सरकार ने दिलजीत दोसांझ को नोटिस जारी किया और हिदायत दी कि वो अपने कॉन्सर्ट में शराब, हिंसा और ड्रग्स वाले गाने न गाएं. 'पंज तारा' और 'पटियाला पैग' जैसे गानों का खासतौर पर जिक्र किया गया. एक बार फिर दिलजीत ने सरकार को ओपन चैलेंज दिया. साथ ही मीडिया में भी दिलजीत को 'शराब' से जुड़े गाना गाने को लेकर बातें कही गईं. दिलजीत ने 22 नवंबर को लखनऊ में परफॉर्म किया. इस दौरान मीडिया में कही बातों पर रिएक्ट किया. दिलजीत ने कहा- भौकाल मचा देंगे. काफी दिनों से ये बातें चल रही हैं, दिलजीत वर्सेस दिस, दिलजीत वर्सेस दैट. मैं एक बात क्लियर करना चाहता हूं, दिलजीत वर्सेस कुछ नहीं है. मैं सबसे बहुत प्यार करता हूं. बहुत प्यार करता हूं. 'मेरा किसी के साथ कोई मुकाबला नहीं है, कोई वर्सेस नहीं है. मैंने जबसे इंडिया टूर शुरू किया है, चाहे वो दिल्ली था, जयपुर था, हैदराबाद था. बहुत ही प्यारे लोग थे.

Highlights

1. I don't trust exit polls, Congress will win the polls: Shivakumar
2. Priyanka Gandhi leads in her debut election in Wayanad
3. Video shows jalebis being prepared at BJP office ahead of results
4. Maha, J'khand will choose PM's vision of 'Ek hai...safe hain': BJP
5. Early trends show BJP-led Mahayuti crossing half-way mark in Maharashtra

# India to offer $4-$5 billion in incentives for electronics production, weaning off China

**NEW DEIHI, (Agency).** India will offer up to $5 billion in incentives to companies to make components locally for gadgets from mobiles to laptops, two government officials said, in a bid to bolster the burgeoning industry and wean off supplies from China.

India's electronic production has more than doubled in the last six years to $115 billion in 2024, led by growth in mobile manufacturing by global firms such as Apple and Samsung. It is now the world's fourth-largest smart phone supplier.

But the sector faces criticism for its heavy reliance on imported components from countries such as China.

"The new scheme will incentivise production of key components like printed circuit boards that will improve domestic value addition and deepen local supply chains for a range of electronics," one of the two officials said.

The incentives are likely to be offered under a new scheme expected to be launched in two to three months, said the officials, who asked not to be identified as details of the scheme are not yet public.



The scheme is likely to offer incentives totalling between $4-$5 billion to global or local firms which qualify.

The plan, designed by the India's electronics ministry, has identified components eligible for incentives and is in its final stages.

The finance ministry will approve the scheme's final allocation soon, the first official added, with the sources expecting it to be launched in the next 2-3 months.


India's electronics ministry and finance ministry did not immediately respond to requests for comment.

India is aiming to expand its electronics manufacturing to $500 billion by the fiscal year 2030, including production of components worth $150 billion, according to the government's top policy think tank Niti Aayog.

India imported electronics, telecoms gear, and electrical products worth $89.8 billion in the fiscal year 2024, with more than half sourced from China and Hong Kong, according to an analysis by private think tank GTRI.

# Imagine Fest partners with HT for India's first attainable art fair

**NEW DEIHI, (Agency).** Hindustan Times partnered with Imagine Fest for an art fair at the PSOI Club in Nehru Park situated in Delhi's Chanakyapuri from November 8 to 10. The event was attended by renowned artists including Jatin Das. “This year’s Imagine Fest promised to be a sensory feast for art lovers of all levels. With a curated selection of over 40 galleries showcasing both established and emerging talent, attendees discovered fresh perspectives and hidden gems alongside timeless classics," Imagine Fest co-founder Ruchi Sibal said in a statement. The key highlight of Imagine Fest 2024 was the design capsule, which merged aesthetics with purpose and encouraged attendees to see everyday objects through an artistic lens. Designer Mukul Goyal, a featured participant, said, “The design capsule celebrates the seamless intersection of function and aesthetics, illustrating how art can be infused into everyday objects.” According to the statement, exhibitors appreciated Imagine Fest as “an ideal setting to showcase a wide range of styles.”




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक